**I,** GYAN CHAND MOCHI, son of BANWARI LAL, residing at W-19, Hanuman Dhora, VPO Momasar, Distt.-Bikaner Rajasthan 331801, have changed my name to GYAN CHAND DHALIYA for all future purposes. I have affirmed this through an affidavit dated 02.02.2026 before the Notary Public at Bikaner.
0110061672-1

**I,** Nitu Yadav, have changed my name to Anita Devi as per my documents. In future, I should be known as Anita Devi D/o Sevaram Yadav, 37 years, Sundarpura Bilpur, Amer, Jaipur.
0110061701-1

I Murugan father of No-14939704M HAV Mani Raj M have changed my name from Murugan to Murugan N and DOB from 01/07/1964 to 18/10/1962 vide affidavit dated-02/02/2026 before Bikaner Court
0110061699-3

I Manju Yadav spouse of No-15685591L Rank-HAV Amar Singh Yadav have changed my name from Manju Yadav to Manju Devi vide affidavit dated-04/02/2026 before Bikaner Court
0110061699-2

I Angammal mother of No-14939704M HAV Mani Raj M have changed my name from Angammal to Angammal M and DOB from 05/04/1988 to 06/05/1961 vide affidavit dated-02/02/2026 before Bikaner Court
0110061699-4

**CHANGE OF NAME**
I Have Changed My Name From Rajendra Kumar To Rajendra Kumar Dangayach For All Future Purposes. Address- 77, Lata Nagar, Kalwar Road, Jaipur, Rajasthan.

**CHANGE OF NAME**
I Have Changed My Name From Sunita To Sunita Gupta For All Future Purposes. Address- 77, Lata Nagar, Kalwar Road, Jaipur, Rajasthan.

## "IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

## POSSESSION NOTICE
(for immovable property)

**Whereas,**

The undersigned being the Authorized Officer of **SAMMAAN CAPITAL LIMITED (CIN:L65922DL2005PLC136029)** (formerly known as **INDIABULLS HOUSING FINANCE LIMITED)** under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 and in exercise of powers conferred under Section 13 (12) read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 issued Demand Notice dated **17.11.2025** calling upon the Borrower(s) **VIKAS GODARA PROPRIETOR JAYANT ENTERPRISES and PRIYA** to repay the amount mentioned in the Notice being **Rs. 30,87,115.39 (Rupees Thirty Lakhs Eighty Seven Thousand One Hundred Fifteen and Paise Thirty Nine Only)** against Loan Account No. **HHLHAN00531198** as on **11.11.2025** and interest thereon within 60 days from the date of receipt of the said Notice.

The Borrower(s) having failed to repay the amount, Notice is hereby given to the Borrower(s) and the public in general that the undersigned has taken **Symbolic Possession** of the property described herein below in exercise of powers conferred on him under Sub-Section (4) of Section 13 of the Act read with Rule 8 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 on **31.01.2026.**

The Borrower(s) in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of **SAMMAAN CAPITAL LIMITED** (formerly known as **INDIABULLS HOUSING FINANCE LIMITED)** for an amount of **Rs. 30,87,115.39 (Rupees Thirty Lakhs Eighty Seven Thousand One Hundred Fifteen and Paise Thirty Nine Only)** as on **11.11.2025** and interest thereon.

The Borrowers' attention is invited to provisions of Sub-Section (8) of Section 13 of the Act in respect of time available, to redeem the Secured Assets.

**DESCRIPTION OF THE IMMOVABLE PROPERTY**

ALL THAT PART AND PARCEL, OF PLOT / HOUSE NO. I -7, MEASURING 49 X 89, I.E 4361 SQ. FT., IN I BLOCK, SITUATED AT MOJA MINI SACHIVALAYA AREA, HANUMANGARH JUNCTION, RAJASTHAN-335512

Sd/-
**Authorised Officer**
**SAMMAAN CAPITAL LIMITED**
**(FORMERLY KNOWN AS INDIABULLS HOUSING FINANCE LIMITED)**

**Date : 31.01.2026**
**Place : HANUMANGARH**

# राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि.,

जी-1/138, मालवीय औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर-302017 फोन : 0141-2751417
E-mail- raj_coop_press@yahoo.co.in Website : www.thecooperativepress.com

क्रमांक/रारासमु/प्रशा/388-xii/2025-26/2655 दिनांक 05.02.2026

NIB Code: SML2526A0001 **निविदा सूचना** NIB Ref. No.: RRSM/Tender/2026-27

मुद्रणालय द्वारा वर्ष 2026-27 (31.03.2027 तक) की अवधि के लिये समय - समय पर आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार की सामग्री क्रय / कार्य हेतु निम्नानुसार (टू बिड पद्धति द्वारा) निविदायें आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | विवरण | निविदा प्रक्रिया | अनुमानित राशि | बोली प्रतिभूति राशि | बिड शुल्क | प्रोसेसिंग फीस | बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विभिन्न प्रकार के कागज का क्रय | ऑनलाईन | रू. 1800 लाख | रू. 36.00 लाख | रू. 1000 | रू. 2500 | 25.02.2026 |
| 2 | ऑफसेट मुद्रण कार्य हेतु एमपेनलमेन्ट | ऑनलाईन | रू. 700 लाख | रू. 14.00 लाख | रू. 1000 | रू. 2500 | 25.02.2026 |
| 3 | फ्लेक्स विनायल, होर्डिंग, स्टेण्डी, सनबोर्ड डिजिटल वॉल पेंटिंग कार्य हेतु एमपेनलमेन्ट | ऑनलाईन | रू. 200 लाख | रू. 4.00 लाख | रू. 1000 | रू. 2000 | 25.02.2026 |
| 4 | मुद्रित सामग्री के बंधन कार्य हेतु एमपेनलमेन्ट | ऑनलाईन | रू. 100 लाख | रू. 2.00 लाख | रू. 1000 | रू. 1500 | 14.02.2026 |
| 5 | ट्रांसपोर्टेशन कार्य | ऑफलाईन | रू. 9 लाख | रू. 18 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 6 | विभिन्न प्रकार के मिलमेड व हैण्डमेड फाईल कवर्स का क्रय | ऑफलाईन | रू. 9 लाख | रू. 18 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 7 | विभिन्न प्रकार के मुद्रित लिफाफे क्रय | ऑफलाईन | रू. 9 लाख | रू. 18 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 8 | मुद्रण सामग्री (प्लेट, केमिकल्स, फिल्म, स्याहियां आदि) क्रय | ऑफलाईन | रू. 9 लाख | रू. 18 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 9 | ओएमआर प्रिन्टिंग एवं बार कोड नम्बरिंग | ऑफलाईन | रू. 9 लाख | रू. 18 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 10 | विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक कवर्स का क्रय | ऑफलाईन | रू. 5 लाख | रू. 10 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 11 | डीटीपी कम्पोजिंग, स्क्रीन प्रिन्टिंग, स्टीकर मेकिंग इत्यादि कार्य | ऑफलाईन | रू. 5 लाख | रू. 10 हजार | रू. 500 | शून्य | 11.02.2026 |
| 12 | रद्दी/कतरन इत्यादि विक्रय | ऑफलाईन | रू.5 लाख | रू. 10 हजार | रू. 200 | शून्य | 11.02.2026 |

1. ऑनलाईन निविदाओं हेतु बिड शुल्क रु. 1000/- राजस्थान राज्य सहकारी मुद्रणालय लि., जयपुर के नाम एवं प्रोसेसिंग फीस रू. 2500/- (क्रम सं. 1 व 2) रु. 2000/- (क्रम सं. 3) एवं रु. 1500/- (क्रम सं. 4)MD RISL के नाम से डीडी जमा करवाना होगा।
2. बिड/निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण व शर्ते निविदा प्रपत्र में तथा वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in** एवं मुद्रणालय की वेबसाईट **www.thecooperativepress.com** पर उपलब्ध है। ऑनलाईन बिड / निविदा वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर अपलोड की जानी है।
3. ऑफलाईन निविदाएं (क्र.सं. 5 से 12 ) हेतु बिड शुल्क जमा कराकर निविदा प्रपत्र मुद्रणालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदाएं निर्धारित अंतिम तिथि को सायं 5.00 बजे तक मुद्रणालय में प्रस्तुत की जा सकेंगी। जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 12 एवं 13 फरवरी, 2026 को प्रातः 11.00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएंगी।
4. बिड/निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में ली जा सकती है।
5. सामग्री क्रय/कार्य वर्ष भर समय - समय पर मुद्रणालय की आवश्यकतानुसार करवाया जायेगा।
6. विलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**(मुरार सिंह जाड़ावत)**
**प्रबन्ध निदेशक**





उदयपुर। जगदीश मंदिर में बुधवार को भक्ति मय और उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। मंदिर प्रांगण में परंपरागत होली के फाग गीतों की गूंज से वातावरण और भी रचनात्मक और भक्ति से भर गया। ठाकुरजी की विशेष श्रृंगार पूजा की गई, जिससे मंदिर परिसर में रंग-बिरंगे फूलों और उत्साह का माहौल बन गया। इस खास अवसर पर ढोल, चंग, हारमोनियम, ढोलक और मंजीरों की थाप पर फागुनी गीत गाए गए। श्रद्धालुओं ने ठाकुरजी के दर्शन करने के बाद श्रद्धा भाव से उन्हें फूलों की पंखुड़ियों से होली खिलाई। ... फोटो : ऋषभ जैन

### प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ निगम की लगातार छापेमारी

# ट्रांसपोर्ट ऑफिस से 6 क्विंटल 90 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलिया जब्त

## अहमदाबाद से मंगवाई थी खेप

## निगम आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश, लगातार होगी कार्रवाई



**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम द्वारा एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 क्विंटल से भी अधिक सिंगल यूज प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त किया गया है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक केरिबेग के भण्डारण, बेचने एवं उसके उपयोग पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। उदयपुर शहर में लगातार बढ़ते हुए प्लास्टिक केरिबेग उपयोग को देखते नगर निगम द्वारा सोमवार से विशेष अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं ट्रांसपोर्ट कार्यालयों पर आकस्मिक निरीक्षण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त करने की सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसी कड़ी में बुधवार को भी निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर निगम पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी ने मय टीम ट्रांसपोर्ट नगर, गोवर्धन विलास स्थित पुण्य ट्रांसपोर्ट कॉरपरेशन की आकस्मिक जांच की गई। निगम टीम को यहां अहमदाबाद से प्रतिबन्धित प्लास्टिक कैरी बैग मंगवाये जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। ट्रांसपोर्ट ऑफिस पर मालिक जितेन्द्र दोशी की उपस्थिति में नियमानुसार ट्रांसपोर्ट ऑफिस / गोदाम की तलाशी ली गई। गोदाम में प्लास्टिक के कट्टे चेक करने पर अन्दर काले रंग की प्रतिबन्धित प्लास्टिक कैरी बैग मिलें। कुल 23 प्लास्टिक बैग प्राप्त हुए जिसका वजन 6 क्विंटल 90 किलोग्राम हुआ। 16 प्लास्टिक बैग पारस निवासी बलीचा द्वारा व 7 प्लास्टिक बैग योगेश भाई निवासी आसपुर जिला डूंगरपुर द्वारा अहमदाबाद से भिजवाना बताया। सभी प्रतिबन्धित प्लास्टिक कैरी बैग को जब्त किया गया।

### आयुक्त ने पुनः की शहरवासियों एवं व्यापारी संस्थाओं से अपील, लगातार चलेगी कार्रवाई

निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने एक बार पुनः शहर वासियो के साथ व्यापारी संस्थाओं से प्रतिदिन के कार्यों में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की है। आयुक्त ने कहा है कि नगर निगम द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है फिर भी कई संस्थाएं अभी तक प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग कर शहर की सुंदरता के साथ खिलवाड़ कर रही है। निगम का उद्देश्य किसी भी व्यापारी या संस्था की प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाना नहीं है लेकिन शहर की सुंदरता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता है। आमजन शहर को साफ सुन्दर बनाये रखने में नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अपना सहयोग करें। व्यापारी संस्थाएं भी अपने सदस्यों की प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु प्रेरित करे। आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया है कि नगर निगम द्वारा लगातार आकस्मिक अभियान चलाकर प्रतिबंधित प्लास्टिक केरिबेग का बडा अथवा थोड़ा स्टॉक रखने वालो या उपयोग करने वाले के विरूद्ध प्रतिदिन कार्यवाही की जाएगी।

### यूडीए आयुक्त ने किया बजट घोषणाओं के विकास कार्यों का औचक निरीक्षण

# कार्यों की गुणवत्ता को लेकर कोई समझौता नहीं करने के दिए निर्देश

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त राहुल जैन ने बुधवार को पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

जैन ने शहर में विभिन्न दिशाओं से प्रमुख प्रवेश मार्गो के विस्तारीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के तहत सीसारमा से नांदेश्वर सड़क मार्ग तथा जड़ाव नर्सरी से कलड़वास तक सड़क विस्तारीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ही सीसी सड़क की कोर कटिंग की गई और डामरीकरण की गुणवत्ता की जांच की गई।

इसके पश्चात उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से यूडीए को हस्तांतरित उदयपुर-अहमदाबाद मार्ग पर वर्षा ऋतु में जल भराव की समस्या के समाधान हेतु चल रहे बलीचा तिराहे से सेठ जी की कुंडाल तक





ड्रेनेज डिस्पोजल कार्य का निरीक्षण किया। इस कार्य के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन में हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। अपने दौरे के दौरान आयुक्त ने एकलिंगपुरा गांव से आहड़ नदी तक प्री कास्ट बॉक्स सेल द्वारा नाला निर्माण कार्य का भी औचक निरीक्षण किया।

**मौके पर की गुणवत्ता जांच :** यूडीए आयुक्त ने अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता के संबंध में किसी प्रकार का समझौता नहीं करने की हिदायत दी। पारस तिराहे पर प्रगतिरत फ्लाईओवर निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान सेगमेंट कास्टिंग का अवलोकन किया एवं पूर्व में कास्ट किए गए सेगमेंट कंक्रीट क्यूब की गुणवत्ता की मौके पर ही जांच की। पिछले वित्तीय वर्ष की बजट घोषणा के तहत बलीचा तिराहे पर री-इंजीनियरिंग एवं भव्य रोटरी जंक्शन निर्माण कार्य का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच की गई। इस दौरान यूडीए के अभियांत्रिकी निदेशक संजीव शर्मा अधीक्षण अभियंता हितेश सुखवाल अधिशासी अभियंता निर्मल सुथार वह विजय पटेल सहित अन्य सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता गण उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में विद्यालय के विद्यार्थियों की शानदार सफलता

**उदयपुर (पुकार)।** सेंट एंथोनीज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन हुआ है। विद्यार्थियों की यह महत्वपूर्ण सफलता उनके कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के समर्थन का परिणाम है।

मीडिया प्रभारी विकास साहू ने बताया कि कक्षा 9 के छात्र पार्थ नंदवाना और लाव्या गुप्ता ने इंडियन आर्मी क्विज़ 2026 की राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करते हुए जोनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया है।

यह प्रतियोगिता देशभर के विद्यालयों में आयोजित की गई थी, और इसमें केवल 36 टीमों (प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से एक टीम) का चयन जोनल राउंड के लिए किया गया।

यह विशेष उपलब्धि है कि पूरे राजस्थान से केवल यह विद्यालय ही चयनित हुआ है। इंडियन आर्मी क्विज़ के जोनल और फाइनल राउंड का आयोजन 8 और 9 फरवरी 2026 को लखनऊ में होगा। इसके अलावा, कक्षा 10 के छात्र गौरांग शाह ने सीबीएसई द्वारा आयोजित 'आर्यभट्ट गणित चैलेंज' में भाग लिया और विश्व स्तर पर शीर्ष 100 विद्यार्थियों में स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गर्वित किया है।

GOVT OF RAJASTHAN
**OFFICE OF DISTRICT COLLECTOR, SALUMBER**
S.N.-285 DATE-29-1-2026
**NOTICE INVITING BID**
Bids for the supply of Kabaddi mats, Kabaddi kit, Kabaddi shoes, and gym equipments are invited from interested bidders upto 09-02- 2026, 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is Rs. 49.00 lacs.
UBN : ELE2526GLOB00131
DIPR/C/2059/2026
**ADDITIONAL DISTRICT MAGISTRATE,** SALUMBER

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड कोटड़ा
क्रमांक : - 1112 दिनांक :-21.01.2026
**निविदा सूचना संख्या 22/2025-26**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजस्थान सरकार के 'एए' 'ए' 'बी' 'सी' एवं 'डी' श्रेणी के संवेदकों एवं केन्द्रीय सरकार / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के 'एए' 'ए' 'बी' 'सी' एवं 'डी' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो उनसे निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.dipronline.org व http:/sppp.raj.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| निविदा के कुल कार्य | 06 कार्य |
| निविदा की कुल लागत | 361.18 लाख |
| धरोहर राशि ½ प्रतिशत | 180590/- |
| धरोहर राशि 2 प्रतिशत | 722360/- |
| ऑन लाईन निविदा मिलने की तारीख | 27.01.2026 प्रातः 10.00 बजे से 05.02.2026 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 06.02.2026 सांय 4.00 बजे |

निविदा से सम्बधित विवरण वेब साईट http:/dipr.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है । सम्पूर्ण निविदा प्रकिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सम्पादित की जावेगी।
निविदा शुल्क / निविदा प्रोसेसिंग शुल्क शासन सचिव वित्त बजट विभाग राजस्थान जयपुर के परिपत्र कमाक प.6 (5) वित्त / साविलेनि / 2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास के चालान द्वारा जमा कराना होगा।
**निविदा शर्ते** 1. निविदा शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है
NIB No. : PWD2526A5320
UBN No. PWD2526WSOB21636
PWD2526WSOB21637
PWD2526WSOB21638
PWD2526WSOB21639
PWD2526WSOB21640
PWD2526WSOB21641
**(विजय कुमार मीना)**
**अधिशाषी अभियन्ता**
सा.नि.वि. खण्ड कोटड़ा
DIPR/C/1863/2026

# मधुमक्खी पालन से घुलेगी किसानों के जीवन में मिठास

## मधुमक्खी पालन पर राज्य सरकार दे रही अनुदान



**उदयपुर (पुकार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों, पशुपालकों के उत्थान के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने मधु मक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए अनुदान योजना लागू की है। इसके माध्यम से किसान मधुमक्खी पालन से अच्छी खासी आमदनी प्राप्त कर अपने जीवन में मिठास घोल सकते हैं।

उप निदेशक उद्यान डॉ कैलाशचन्द्र शर्मा ने बताया कि मधुमक्खी पालन न केवल एक कम लागत का व्यवसाय है, अपितु यह कृषि, उद्यानिकी, वानिकी एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे सभी क्षेत्रो में अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मधुमक्खियों द्वारा खेती मे मित्र कीट के रुप में परागण क्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर फसलो की पैदावार में 15 से 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ-साथ विभिन्न मौम उत्पादो जैसे शहद, रायल जैली, पराग, मौम, प्रोपोलिस इत्यादि से परोक्ष रुप से कई और व्यवसायो एवं रोजगारो का भी सृजन होता है। व्यवसायिक मधुमक्खीपालन = मधुमक्खी की ईटेलियन प्रजाति ऐपिस मैलीफेरा की रानी मक्खी के अण्डे देने की क्षमता एवं शहद एकत्रित करने की क्षमता अधिक होती है, एक वर्ष में दो खण्ड के बाक्स से करीब 40-60 किग्रा या अधिक शहद प्राप्त होता है, इसलिए यह व्यवसायिक पालन की दृष्टि से श्रेष्ठ प्रजाति है।

**अनुदान पात्रता:** कृषक के पास न्यूनतम 0.40 हैक्टेर भूस्वामित्व होना आवश्यक है।

**अनुदान प्रावधान :** मधुमक्खी की श्रेष्ठ कालोनियों से आठ फ्रेमो वाली प्रति कॉलोनी की लागत 2000 रुपये एवं बाक्स की लागत 2000 रुपये पर लागत का 40 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रुपये 800 जो भी कम होगा अनुदान देय है। एक किसान अधिकतम 50 बी बाक्स, 50 बी कॉलोनी एव ''बी'' किपिंग किट किसी भी पंजीकृत फर्मो द्वारा प्राप्त कर सकता है। किसानो को अनुदान राशि का भुगतान 60:40 के अनुपात में 02 वर्षो में देय होगा। इस प्रकार एक किसान को राशि रुपये 80000/- तक का अनुदान मधुमक्खीपालन हेतु देय होगा।

**मधुमक्खियों को माईग्रेशन कराने पर भी अनुदान :** मधुमक्खियों का मूल पोषण पराग, मकरन्द है, अतः किसान मधुमक्खीपालन अपनाने से पूर्व यह सुनिश्चित कर ले की उनके क्षेत्र में प्रचुर मात्रा मे पराग प्राकृतिक रुप से वर्ष भर उपलब्ध है अथवा नही। अतः किसानों के अपने क्षैत्र में फूल खत्म होने पर बी बाक्स को दूसरे जिलो, राज्य में परिवहन व्यय पर भी अनुदान देय है।

**ऐसे करें आवेदन :** उपनिदेशक डॉ शर्मा ने बताया कि इच्छुक किसान ई-मित्र या स्वयं अपने एसएसओ आईडी से राज किसान साथी पोर्टल पर जनाधार के माध्यम से प्रमाणित जमाबंदी (छः माह से अधिक पुरानी नही हो) अपलोड कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए उद्यान विभाग उदयपुर में संपर्क किया जा सकता है।

# नटराज किड्स प्लैनेट एनुअल स्पोर्ट्स डे उत्साह के साथ संपन्न

**उदयपुर (पुकार)।** बड़गांव स्थित नटराज किड्स प्लेनेट का एनुअल स्पोर्ट्स डे बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। स्कूल के नन्हे बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ स्पोर्ट्स डे में भाग लिया। स्कूल के स्पोर्ट्स डे का मकसद बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देना है।



विद्यालय की डायरेक्टर श्वेता श्रीमाली ने बताया कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि खेल, संस्कार और व्यवहारिक जीवन कौशल के माध्यम से बच्चों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। इसी सोच को साकार करते हुए विद्यालय में एनुअल स्पोर्ट्स डे विटालिटी 25-26 का आयोजन हर्षोल्लास और ऊर्जा से भरे वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और गणमान्य अतिथियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन और अधिक गरिमामय बना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला सेशन जज महेंद्र दवे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव, डॉ. देवेंद्र श्रीमाली, जितेश श्रीमाली, जतिन श्रीमाली और डॉ. श्रीकांत शर्मा शामिल रहे।

मुख्य अतिथि महेंद्र दवे ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास संभव है और खेल बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुलिस उप अधीक्षक राजेश यादव ने विद्यार्थियों को अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

वाणिज्य महाविद्यालय के व्यवसाय प्रशासन विभाग के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र श्रीमाली ने चरित्र निर्माण, संस्कार, अनुशासन और सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

जितेश श्रीमाली ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति की ओर बढ़ते रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। विजेताओं को गोल्ड और सिल्वर मेडल के साथ आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बना रहा।


# वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूज़िक फ़ेस्टिवल कल से

## हिंदुस्तान ज़िंक और सहर ने राजस्थान पर्यटन के साथ किया आधिकारिक पोस्टर जारी

### फ़ेस्टिवल में कैलाश खेर और कैलासा लाइव, अमित त्रिवेदी, जोनिता गांधी, ताबा चाके, अमृत रामनाथ, इंडियन ओशन देंगे प्रस्तुति

**उदयपुर (पुकार)।** दुनिया भर के संगीत प्रेमियों के लिए, झीलों के शहर उदयपुर में इस शुक्रवार से 'वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूज़िक फ़ेस्टिवल' में सुरों की महफ़िल सजने जा रही है। 6 से 8 फ़रवरी तक चलने वाले इस शानदार फ़ेस्टिवल में देश-विदेश से आए कलाकार अपनी कला और हुनर से शहर को संगीत की धुनों में रंग देंगे। 'म्यूज़िक विदाउट बॉर्डर्स' के 10 साल पूरे होने के मौक़े पर, यह फ़ेस्टिवल एक बार फिर उदयपुर को दुनिया भर के संगीत, संस्कृति और कला के संगम में बदलने जा रहा है।

फ़ेस्टिवल के शुरू होने से पहले, बुधवार को इसका ऑफ़िशियल पोस्टर जारी किया गया। इसमें 'वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूज़िक फ़ेस्टिवल के 10 साल के सफ़र को बेहद ख़ूबसूरती से दिखाया गया है। हर साल की तरह इस बार भी 'हिंदुस्तान ज़िंक' इस फ़ेस्टिवल को सपोर्ट कर रहा है, वहीं 'सहर' ने इसकी रूपरेखा तैयार की है और इसे प्रोड्यूस भी किया है। इसमें राजस्थान पर्यटन विभाग का भी योगदान अहम है। आज यह फ़ेस्टिवल भारत का सबसे अलग और ख़ास म्यूज़िक इवेंट्स डेस्टिनेशन बन चुका है।




फ़ेस्टिवल के इस एडिशन में, भारतीय संगीत जगत के मशहूर कलाकारों के साथ-साथ 11 से अधिक देशों से आए अंतरराष्ट्रीय कलाकार भी शामिल होंगे। इनमें से कई कलाकार भारत में पहली बार परफ़ॉर्म करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में 20 से ज़्यादा बैंड और 150 से अधिक कलाकार मंच पर उतरकर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। संगीत प्रेमियों को इस साल, फ़ेस्टिवल में फ़ोक, फ़्यूज़न, कंटेम्पररी और एक्सपेरिमेंटल म्यूज़िक सुनने को मिलेगा। इनमें कैलाश खेर और कैलासा लाइव, अमित त्रिवेदी, जोनिता गांधी, ताबा चाके, अमृत रामनाथ, इंडियन ओशन और ओएएफ़एफ़ वग़ैरह की परफ़ॉर्मेंस पर सबकी नज़र रहेगी साथ ही, स्पेन, अफ़्रीका, यूरोप और कई दूसरे देशों से आए इंटरनेशनल आर्टिस्ट भी अपनी बीट्स और धुनों से ऑडियंस को झूमने पर मजबूर कर देंगे।

पिछले 10 सालों में 'वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूज़िक फ़ेस्टिवल' का हिस्सा बने देश-विदेश के लोगों ने यहां की झीलों, घाटों और ऐतिहासिक धरोहरों के आसपास संगीत का ऐसा अनुभव किया है कि उनका भारत की संस्कृति से गहरा रिश्ता जुड़ गया है। यही वजह है कि ये जगहें सिर्फ़ आम लोकेशन नहीं रह जातीं, बल्कि ऐसे कल्चरल वेन्यू में बदल जाती हैं जहाँ हर परफ़ॉर्मेंस कलाकारों और ऑडियंस दोनों के लिए यादगार बन जाती है।

वहीं इस आलीशान फ़ेस्टिवल के बारे में 'सहर' के फ़ाउंडर संजीव भार्गव का कहना है कि जब हम सोचते हैं कि इस साल यह फ़ेस्टिवल अपने 10वें साल में कदम रख रहा है, तो दिमाग़ में अपने-आप ये ख़याल आता है कि अब इसके आगे क्या है, कैसे हम अलग - अलग और यूनिक तरह का म्यूज़िक भारत तक लाते रहें। कलाकारों और ऑडियंस दोनों को और अच्छा और कमाल का अनुभव मिलता रहे। इस फेस्टिवल की असली ख़ूबसूरती हमेशा से यही रही है कि इस दौरान उदयपुर और उसकी जगहें ख़ुद संगीत का हिस्सा बन जाती हैं। इस एडिशन की सबसे ख़ास बात यही है कि हम फिर से ऐसे मोमेंट्स क्रिएट करेंगे जिन्हें कहीं और दोहराया नहीं जा सकता।

हिंदुस्तान ज़िंक भारतीय संस्कृति को संरक्षित और बढ़ावा देने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है। इस फ़ेस्टिवल से जुड़ी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और उदयपुर एक बार फिर देश और दुनिया के कलाकारों, मेहमानों, और संगीत प्रेमियों का दिल से स्वागत करने के लिए तैयार है। इस बार 'वेदांता उदयपुर वर्ल्ड म्यूज़िक फेस्टिवल' में हम सब साथ मिलकर इसके 10 साल पूरे होने का जश्न मनाएँगे, जहाँ आपको दुनिया का बेहतरीन संगीत और संस्कृतियों का संगम दिखेगा। यही नहीं, संगीत के ऐसे लाइव एक्सपीरियंस भी मिलेंगे जिन्हें आप ताउम्र भूल नहीं पाएँगे।

**एरोफ्लेक्स न्यु (NEU) लिमिटेड**
(पूर्वोत्तर साह पोलिमर्स लिमिटेड)
CIN: L24201RJ1992PLC006657
पंजीकृत कार्यालय: E-२६०-२६१, मेवाड औद्योगिकक्षेत्र, माद्री, उदयपुर, राजस्थान-३१३००३.
ई-मेल: info@sahpolymers.com, वेबसाइट: www.sahpolymers.com दूरभाष: ०२९४-२४९०५३४.

**३१ दिसम्बर, २०२५ को समाप्त तिमाही और नव माही के लिए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों से उद्धरण (Extract)**

(राशि लाख रुपये में, प्रति शेयर डेटा को छोडकर जब तक कि अन्यथा न कहा गया हो)

| क्रम नं. | ब्योरा | तिमाही के अंतमें | | | नव माही के अंतमें | | साल (वर्ष) के अंतमें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ३१-१२-२०२५ | ३०-०९-२०२५ | ३१-१२-२०२४ | ३१-१२-२०२५ | ३१-१२-२०२४ | ३१-०३-२०२५ |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| १ | परिचालन से कुल आय<br>ए) संचालन से राजस्व (रेवन्यु)<br>बी) अन्य कमाई | ३१२८.९७<br>३०८८.४०<br>४०.५७ | ३६१७.८५<br>३४५२.२१८<br>१६५.६४ | ३२४१.६८<br>३२३२.९८<br>८.७० | ९८६३.६४<br>९५१०.४९<br>३५३.१५ | ९६६५.३४<br>९५३४.६७<br>१३०.६७ | १३१३९.१७<br>१२९२३.५३<br>२१५.६४ |
| २ | कर और असाधारण मुद्दो से पहलेकी अवधि का शुद्ध लाभ | १०४.३४ | १०७.०३ | २.४३ | ३०४.६६ | ८३.५५ | ३८.०५ |
| ३ | कर से पहले और असाधारण मुद्दो के बाद की अवधि केलिए शुद्ध लाभ | १०४.३४ | १०७.०३ | २.४३ | ३०४.६६ | ८३.५५ | ३८.०५ |
| ४ | कर के बाद और असाधारण मुद्दो के बाद की अवधि केलिए शुद्ध लाभ | ७४.०७ | १०६.८८ | (०.११) | २६२.१० | ५६.२६ | २३.०३ |
| ५ | अवधि केलिए कुल व्यापक आय (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | ७४.०७ | १०६.८८ | (०.११) | २६२.१० | ५६.२६ | २३.०३ |
| ६ | इक्विटी शेयर पूंजी | २५७९.६० | २५७९.६० | २५७९.६० | २५७९.६० | २५७९.६० | २५७९.६० |
| ७ | पीछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दर्शाए अनुसार आरक्षित निधियां (पुनःमुल्यांकन आरक्षित निधि को छोडकर) | - | - | - | - | - | ६१४४.७३ |
| ८ | प्रति शेयर आय (प्रत्येक ₹ १०/-) (निरंतर और बंद परिचालनों के लिए)<br>१. मूल निधि<br>२. तनु निधि | <br><br>०.२९<br>०.२६ | <br><br>०.४०<br>०.३८ | <br><br>-<br>- | <br><br>१.००<br>०.८९ | <br><br>०.२२<br>०.२२ | <br><br>०.०८<br>०.०८ |

नोट :
१. उपरोक्तपरिणामोंकी समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई है और निर्देशक मंडल द्वारा ०३ फरवरी, २०२६ को आयोजित अपनी बैठक में ईन्हे अनुमोदित किया गया है। इन्हें वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन किया गया है।
२. प्रति शेयर आय (मुल/पतली) को इंड एएस-३३- प्रति शेयर आय के अनुसार प्रस्तुत किया गया है।
३. यह विवरण सेबी के (सूचिबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, २०१५ के विनियम ३३ के अनुसार है।
४. ३१ दिसंबर, २०२५ को समाप्त तिमाही और नौ महीने के लिए कंपनी के स्वतंत्र वित्तीय परिणाम संक्षेप्तमे नीचे दिए गये है। विस्तृत वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाईट www.aeroflexneu.com पर उपलब्ध हैं और इन्हे नेशनल स्टोक एक्सचेंज लिमिटेड www.nseindia.com और बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com को प्रस्तुत किया जा चुका है, इं कंपनी के शेयर सूचीबध्ध हैं।
५. प्रमुख स्वतंत्र (Key standalone) वित्तीय जानकारी :

**३१ दिसम्बर, २०२५ को समाप्त तिमाही और नव माही के लिए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों से उद्धरण (Extract)** (रु. लाखो में)

| क्रम नं. | ब्योरा | तिमाहीके अंतमें | | | आधा साल के अंतमें | | साल (वर्ष) के अंतमें |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ३१-१२-२०२५ | ३०-०९-२०२५ | ३१-१२-२०२४ | ३१-१२-२०२५ | ३१-१२-२०२४ | ३१-०३-२०२५ |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखा परीक्षित |
| १ | कुल आय | २४५४.१० | २८१८.९७ | २७८३.८४ | ७८५८.०२ | ८४३६.५२ | ११५६८.४९ |
| २ | कर से पहले लाभ/(हानि) | १०१.१७ | १०१.१० | १.२५ | २४२.५८ | ६७.१५ | १५.०१ |
| ३ | कर के बाद की अवधि के लिए लाभ/(हानि) | ७५.६३ | १००.९४ | १.१२ | २०७.७२ | ५५.४० | १७.३१ |
| ४ | अन्य समग्र आय | - | - | - | - | - | - |
| ५ | अवधि के लिए कुल समग्र आय | ७५.६३ | १००.९४ | १.१२ | २०७.७२ | ५५.४० | १७.३१ |

६. प्रति शेयर आय (मूल / कम मूल्य सहित) को इंड एएस ३३- प्रति शेयर आय के अनुसार प्रस्तुत किया गया हैं।
७. कोई अपवाद मद नहीं है।

एरोफ्लेक्स न्यु (NEU) लिमिटेड के लिए
(पूर्वोत्तर साह पोलिमर्स लिमिटेड)
हकिम सादीक अली तीडीवाला
पुर्णकालिक निर्देशक (DIN: 00119156)

स्थान : उदयपुर
दिनांक : ०४ फरवरी, २०२६